हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
HEMVATI NANDAN BAHUGUNA GARHWAL UNIVERSITY
श्रीनगर गढवाल (उत्तराखण्ड)–246174
SRINAGAR GARHWAL (UTTARAKHAND) - 246174
केन्द्रीय विश्वविद्यालय
A CENTRAL UNIVERSITY

पत्रांकः– कु॰स॰का॰ / 2021 / 81 दिनांक 09 / 05 / 2021

कार्यालय आदेश

आज दिनांक 09.05.2021 को माननीय कुलपति महोदया द्वारा समस्त संकायाध्यक्षों, परिसर निदेशकों, विभागाध्यक्षों, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, नियंता, मुख्य छात्रावास अधीक्षक, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, पुस्तकालयाध्यक्ष, प्रो॰ आर॰सी॰ भट्ट, एवं विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों के साथ कोविड–19 की स्थितियों की समीक्षा करने के उपरान्त सर्वसम्मति से जनहित में यह निर्णय लिया गया है कि उत्तराखण्ड राज्य एवं स्थानीय स्तर पर कोविड–19 संक्रमण के मामलों में हो रही अप्रत्याशित वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए तथा सभी कर्मचारियों / छात्र–छात्राओं के स्वास्थ्य एवं जीवन को ध्यान में रखते हुये एवं कर्मचारियों / छात्र–छात्राओं को कोविड–19 के संक्रमण से बचाने हेतु विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, उप कार्यालय देहरादून एवं समस्त परिसरों को दिनांक 15.05.2021 तक बन्द रखा जाये।

अतः विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, उप कार्यालय देहरादून एवं समस्त परिसरों को दिनांक 15.05.2021 तक बन्द किया जाता है। उक्त अवधि में समस्त प्राध्यापक / अधिकारी / कर्मचारी कार्यालय कार्य अपने घर से ही सम्पन्न करेंगे। विश्वविद्यालय की आवश्यक सेवायें पूर्ववतः जारी रहेंगी।

साथ ही दिनांक 17.05.2021 से प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में आवश्यकतानुसार अधिकारी एवं कर्मचारी अतिआवश्यक कार्यो का सम्पादन करेंगे। इस हेतु अधिकारियों द्वारा आवश्यकता पड़ने पर अपने अधिनस्थ कर्मचारियों (जिनकी उपस्थिति आवश्यक होगी) को भी कार्यालय में उपस्थित हेतु बुलाया जायेगा। विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में किसी भी छात्र एवं बाहरी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा।

आज्ञा से,
कुलपति

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण / नियंता / मुख्य छात्रावास अधीक्षक / पुस्तकालयाध्यक्ष।
3. परिसर निदेशक (टिहरी / पौड़ी / चौरास) / निदेशक आई॰क्यू॰ए॰सी॰ / प्रो॰ आर॰सी॰ भट्ट।
4. संयुक्त कुलसचिव / समस्त उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव।
5. अधिशासी अभियन्ता / समस्त सहायक अभियन्ता / कोर्डिनेटर डाटा प्रोसेसिंग सेन्टर।
6. सिस्टम मैनेजर को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7. जन सम्पर्क अधिकारी / सुरक्षा अधिकारी / प्रभारी, उप कार्यालय देहरादून।
8. जिलाधिकारी, पौड़ी गढ़वाल।
9. उप जिलाधिकारी, श्रीनगर गढ़वाल / कोतवाल, कोतवाली, श्रीनगर गढ़वाल।
10. निजी सचिव, कुलपति, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।

9/5/21
कृते कुलसचिव